**Karnataka SSLC Preparatory exam 2025**

**Hindi Answer key**

1. 'रात' शब्द का विलोम रूप है -

**दिन**

---

2. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -

**श्रीमती**

---

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है -

**पैसा**

---

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -

**दिखाना**

---

5. 'वनौषध' शब्द में संधि है -

**वृद्धि**

---

6.'जलप्रपात' शब्द में समास है -

**तत्पुरुष**

---

7. क्या आप मैसूरु जा रहे हैं? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है .

**प्रश्नवाचक**

---

8. रमेश कलम----- पत्र लिखता है । रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा -

**से**

---

9. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुद्दीन : -------

**चचेरे भाई**

---

10.  राजकिशोर : मजदूरों के नेता : : वर्मा : ..

**डाक्टर**

---

11. टोली का नाम : बाल-शक्ति : : टोली का मुखिया : .......

**मोहन**

---

12. पाप का मूल : अभिमान :: धर्म का मूल :------

**दया**

---

13. वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?

**वर्षों से सक्सेना के परिवार में साधोराम काम कर रहा था |**

---

14. बच्चों की तारीफ किसने की ?

**बच्चों की तारीफ कलेक्टर साहब ने की ।**

---

15. समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?

**आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं ।**

---

16. नंद और यशोदा का रंग कैसा था ?

**नंद और यशोदा का रंग गोरा था |**

---

17. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?

**जैनुलाबदीन नमाज़ की महत्ता पर कहते थे कि जब कोई व्यक्ति नमाज़ अदा करता है, तो वह अपने शारीरिक अस्तित्व से परे ब्रह्मांड का एक अभिन्न अंग बन जाता है, जहाँ दौलत, आयु, जाति या धर्म-संप्रदाय का कोई अंतर नहीं रहता।**

---

18. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?

**चीजें तो सब चुरा ली गई थीं, यहाँ तक कि ताला भी चोरी हो गया था, और स्वयं के चोरी होने के भय से लेखक ने कमरा छोड़ने का निर्णय लिया।**

---

19. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

**दोनों दोस्तों ने यह निर्णय लिया कि वे अपना घर बनाएँगे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि घर कैसे बनाया जाता है। इसलिए, वे जंगल की ओर गए ताकि वे पशु-पक्षियों से इस बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।**

---

20. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

**धीरज सक्सेना को एक बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता थी ताकि वह उनके नाती-पोतों को होमवर्क में मदद कर सके, उन्हें कहानियाँ सुना सके, नाश्ता बना सके, मेहमानों का स्वागत कर सके और वर्ड प्रोसेसर पर उनका काम संभाल सके।**

---

21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

**मनुष्य तभी सुखी रह सकता है जब वह समय का सही उपयोग करे, अपने कार्यों को टालने के बजाय समय पर पूरा करे और पूरी निष्ठा के साथ अपने काम में जुटा रहे। जो व्यक्ति समय की कीमत समझता है और उसका सही ढंग से उपयोग करता है, वह अपने जीवन में सच्चे सुख की प्राप्ति करता है।** न्पि |

---

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

**यशोदा कृष्ण को शांत करने के लिए कहती हैं, "हे कृष्ण, सुनो! बलराम बचपन से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की सौगंध खाकर कहती हूँ कि मैं ही तुम्हारी सच्ची माँ हूँ और तुम ही मेरे पुत्र हो।"**

---

23. शनि सौर मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है । कैसे ?

**शनि ग्रह अपनी अद्‌भुत वलय संरचना के कारण सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह माना जाता है। इसके चारों ओर चमकदार छल्ले दिखाई देते हैं, जो इसे अन्य ग्रहों से अलग और आकर्षक बनाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति ने इसे एक सुंदर आभूषण से सजा दिया हो।**

अथवा |

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**शनि ग्रह पर सूर्य की गर्मी बहुत कम पहुंचती है, जो पृथ्वी को मिलने वाली ऊष्मा का मात्र सौवां हिस्सा होती है। इसी कारण शनि का वातावरण अत्यधिक ठंडा रहता है, और इसका तापमान शून्य से लगभग 50°C नीचे बना रहता है। यही वजह है कि शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है।**

---

24. महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

**"सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं।**

**उनका अंत नहीं होता।"**

अथवा |

अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?

**सभी देशवासियों के साथ भाईचारे का भाव रखना चाहिए और जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र या वर्ग के आधार पर किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचना चाहिए।**

---

25. सब्जी और फलों के महत्व के बारे में लेखक प्रेमचंद जी के विचार क्या हैं?

**पहले टमाटर को कोई खास महत्व नहीं दिया जाता था, लेकिन अब यह भोजन का अभिन्न हिस्सा बन गया है।**

**गाजर, जो पहले गरीबों का पेट भरने का साधन माना जाता था, अब अपने उच्च विटामिन गुणों के कारण भोजन की मेज पर जगह पा चुका है।**

**यदि प्रतिदिन एक सेब खाया जाए, तो डॉक्टर से दूर रहा जा सकता है।**

**आम और सेब स्वाद और रस की दृष्टि से एक समान माने जाते हैं।**

---

26. गिल्लू के अंतिम दिन का विवरण दीजिए ।

**उस दिन गिल्लू ने न तो कुछ खाया और न ही बाहर गया। रात होते-होते उसके पंजे ठंडे पड़ने लगे। लेखिका ने उसे गर्म रखने के लिए हीटर जलाया, लेकिन इसके बावजूद, सुबह की पहली किरण के साथ वह सदा के लिए शांत हो गया।**

---

27. बसंत स्वाभिमानी तथा ईमानदार लड़का है। कैसे ? समझाइए ।

**बसंत एक ईमानदार और स्वाभिमानी लड़का था। वह अपनी मेहनत की कमाई से जीवनयापन करना चाहता था। जब पंडित राजकिशोर ने उसे दो पैसे दिए, तो उसने उन्हें लेने से इनकार कर दिया क्योंकि वह इसे भीख समझता था और भीख लेना नहीं चाहता था। यहां तक कि मोटर दुर्घटना में उसका पैर टूट जाने के बाद भी उसने अपने भाई प्रताप को पंडित राजकिशोर के घर उनके छुट्टे पैसे लौटाने के लिए भेजा। इससे उसकी ईमानदारी और स्वाभिमान का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।**

---

28. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट के महत्व के बारे में लिखिए ।

**आज के समय में इंटरनेट हमारी जिंदगी का जरूरी हिस्सा बन चुका है। इसके बिना संचार और सूचना का आदान-प्रदान मुश्किल हो जाएगा। इंटरनेट की मदद से हम किसी भी विचार, फोटो या वीडियो को बहुत कम समय और खर्च में दुनिया के किसी भी कोने तक भेज सकते हैं। यहां तक कि एक पूरे पुस्तकालय की किताबों की जानकारी भी कुछ ही मिनटों में कहीं भी साझा की जा सकती है। संचार और सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट इतनी अहम भूमिका निभाता है कि इसके बिना ये दोनों क्षेत्र कमजोर पड़ सकते हैं।**

---

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या किया ? विवरण दीजिए ।

**एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचते ही बचेंद्री घुटनों के बल बैठ गईं और सम्मानपूर्वक चोटी को चूमा। इसके बाद, उन्होंने अपने साथ लाई हुई दुर्गा माता की तस्वीर और हनुमान चालीसा निकाली, एक छोटी सी पूजा की और उन्हें बर्फ में श्रद्धापूर्वक दबा दिया।**

---

30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन

**मातृभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत और मनमोहक है। इसके हरे-भरे खेत इसकी उर्वरता और सुंदरता को दर्शाते हैं। यहाँ के वन-उपवन रंग-बिरंगे फूलों और मीठे फलों से सजे हुए हैं। इसके अलावा, मातृभूमि की धरती खनिज संपदा से भरपूर है, जो इसे और भी मूल्यवान बनाती है।**

---

31. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय

**दिनकर जी के अनुसार, सच्चा मानव वही है जो लोगों के बीच प्रेम और सौहार्द का सेतु बनाता है। वह दूसरों के साथ स्नेह और भाईचारे का संबंध स्थापित करता है तथा आपसी दूरी, ईर्ष्या और द्वेष को मिटाता है। जो व्यक्ति इन गुणों को अपनाता है, वही सही मानव कहलाता है।**

---

32. दोहे का भावार्थ

**इस दोहे में तुलसीदास जी समझाते हैं कि जिस प्रकार घर की देहरी पर दीप जलाने से अंदर और बाहर दोनों ओर प्रकाश फैलता है, उसी प्रकार यदि मनुष्य अपनी वाणी में राम नाम का स्मरण करता है, तो उसका अंतःकरण और बाहरी जीवन दोनों शुद्ध और प्रकाशित हो जाते हैं।**

**Question 33-35 Do in your own way**

**36.**

(अ) गांधीजी डॉ ० अम्बेडकर जी से किस कारण प्रभात्वेत हुए 7

**गांधीजी डॉ ० अम्बेडकर जी की नि: स्वार्थ सेवाओ से प्रभात्वेत हुए ।**

(आ) संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान किसे माना गया है 7

**भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संत्वेधान माना गया है ।**

(इ) अम्बेडकर जी को "डॉक्टर आफ कात्वेउटयूशना की उपाधि क्यों मिली 7 (

**अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय ने डॉ ० अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष**

**'डॉक्टर आफ काल्लेटयूशना को उपाधि प्रदान को ।**

(ई) भारत का संविधान कब से देश में लागू हुआ 7

**यह संविधान 26 जनवरी, 1950 ई ० से देश में लागू हुआ है ।**